# शिक्षा में आर्थिक परेशानी आए, तो सीधे मुझसे संपर्क करें : भीमावद

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिलास्तरीय युवा उत्सव के तहत साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन







**शाजापुर, 29 अक्टूबर. किला परिसर स्थित शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार 29 अक्टूबर को जिलास्तरीय युवा उत्सव 2025-26 के तहत साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें शाजापुर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए 90 विद्यार्थियों ने 9 विधाओं में सहभागिता की.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाजापुर विधायक अरुण भीमावद रहे. विशेष अतिथि के रूप में किरण सिंह ठाकुर, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद प्रतिनिधि अजय सिंह चंदेल एवं अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के प्राचार्य डॉ. वीपी मीणा उपस्थित रहे. अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. मूंदड़ा ने की. अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके पश्चात महाविद्यालय स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का पुष्पमाला से स्वागत किया. प्रतियोगिता में सम्मिलित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत रहे हैं. हमें उनके सूत्र वाक्य उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए को अपनाकर लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर होना चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ लें. इसके बाद भी यदि आपकी शिक्षा में आर्थिक परेशानी आती है तो सीधे मुझसे संपर्क करें. आपकी शिक्षा में कोई कमी न रहे, इसके लिए हम पालक बनकर आपकी हर बाधा को दूर करेंगे. उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं. प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में शासकीय बीकेएसएन कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश निंगवाल, शासकीय महाविद्यालय गुलाना के प्राचार्य डॉ.बीएस विभूति एवं शासकीय महाविद्यालय मो.बड़ोदिया के प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी उपस्थित रहे. युवा उत्सव संयोजिका श्रीमती दीपिका गुप्ता ने प्रतियोगिता के बारे में बिंदुवार जानकारी दी. संचालन डॉ.संदीप कुमार सिंह तो आभार श्री जेपी माथुर ने माना. इस मौके पर डॉ.रितेश महाड़िक, डॉ.कपिल जाटव, अनिल नागर, आदित्य सक्सेना, नरेन्द्र कुमार भाटी, शंकरलाल कुशवाह महाविद्यालयों के दल प्रभारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा निकाला पथ संचलन




**मोहन बड़ोदिया, 29 अक्टूबर.** वर्ष 2025 संघ के शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. संघ को 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं. आज संघ की प्रेरणा से चलने वाले असंख्य सेवा प्रकल्प शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामोन्नति और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्यरत हैं. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार को शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया खंड के ग्राम कुमारिया खास, धन्देड़ा और बुरलाय में पथ संचलन निकला. इस दौरान आयोजित बौद्धिक में बताया कि संघ की स्थापना 1925 में हुई और प्रारंभिक शाखा से लेकर वर्तमान सन 2025 में संघ को 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, इन 100 वर्षों में संघ ने सभी चुनौतियों का सामना करते हुए असंभव कार्य को भी संभव किया है. संघ के योगदान, जैसे राम जन्म भूमि, मंदिर निर्माण, धारा 370 पंच परिवर्तन से शुरू होकर एक समाज का निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी. वहीं समाज को कुरीतियों में ना बटने का संदेश देते हुए छुआछूत को खत्म करने, एक पंगत एक संगत की बात कही. इसके उपरांत गांव के मुख्य मार्गों से पथ संचलन निकला. पथ संचलन में घोष के साथ कदम ताल के साथ स्वयं सेवक चल रहे थे, जिनका जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया.

### वन स्टाप सेंटर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**शाजापुर, 29 अक्टूबर.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती नमिता बौरासी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा द्वारा वन स्टाप सेंटर में महिला कानूनों के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के लिए विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. श्रीमती नमिता बौरासी ने संबोधित करते हुए महिलाओं को शिक्षित व साक्षर होने के लिए आव्हान किया तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया. सरकार की मंशा अनुसार जिले व्याप्त घूंघट प्रथा की कुरीतियों को समाप्त कर महिलाओं को सुरक्षित रहने के अधिकार से जागरूक किया. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं से संबंधित कानूनों एंव सरकार कि योजनाओं से उन्हें अवगत कराने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के साथ मिलकर टीम बनाकर महिलाओं को अधिक से अधिक जागरूक किया जाएगा, ताकि महिलाओं के प्रति बढ़ते हुए अपराधों से लड़ने के लिये उन में आत्मविश्वास आ सकें. इसी मौके पर बड़ी संख्या में नारी शक्ति मौजूद थी.

### बुधवार को 153 कृष्णमृग पकड़े



**शाजापुर, 29 अक्टूबर.** शाजापुर जिले में किसानों की फसलों को चौपट होने से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जिले से काले हिरण और नील गाय पकड़ने के लिए साउथ अफ्रीका की बोमा पद्धति का उपयोग किया जा रहा है. इसके लिए बकायदा साउथ अफ्रीका से कंजर्वेशन सॉल्यूशंस की टीम जिले में रेस्क्यू के लिए पहुंचा हुआ है. बुधवार को साउथ अफ्रीका से आए दल एवं वन विभाग की टीम द्वारा जिले के पोलायकलां तहसील के लसूड़िया घाघ एवं निपनिया खुर्द में बोमा लगाया गया. जिसमें उमरीसिंघी, खड़ी, पोलायकला, मोरटा केवड़ी, तलेनी, जरखी, सकरई गांव से 153 कृष्णमृगों को किसानों के खेतों से पकड़कर राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में छोड़ा जा रहा है. इस अभियान के तहत अभी तक 448 कृष्णमृगों को पकड़कर राष्ट्रीय उद्यानों में छोड़ा गया. वनमंडलाधिकारी देवास एवं अभियान प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि इससे किसानों को होने वाले फसल नुकसान में कमी आएगी और कृषकों की समस्याओं का निदान होगा. इस तरह का देश में ये प्रथम अभियान है. उन्होंने बताया कि बुधवार को संभागायुक्त आशीष सिंह एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने हेलीकॉप्टर और बोमा से कृष्णमृगों को पकड़ने के लिए चल रहे अभियान का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की कंजर्वेशन सॉल्यूशंस के अधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों से चल रहे अभियान की कार्यवाही के बारे में पूछा. इसके साथ ही उन्होंने पकड़े गए वन्य प्राणियों को देश के अन्य अभ्यारण्यों में कैसे पहुंचाया जाता है, इसकी जानकारी भी ली. बुधवार को अभियान में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एचएस पाबला, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एल कृष्णमूर्ति, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अजय यादव के द्वारा बोमा क्षेत्र में उपस्थित रहकर कृष्णमृगों को पकड़ने की कार्यवाही का निगरानी एवं अवलोकन किया गया.

# नपा ने बदला जल वितरण का समय

## सर्द मौसम को लेकर लिया निर्णय

**शाजापुर, 29 अक्टूबर. सर्द मौसम में नगरवासियों के स्वास्थ्य को देखते हुए नपा द्वारा जल वितरण के समय में परिवर्तन किया गया है. जहां सुबह 4 से 5 बजे के बीच जल वितरण होता है वहां अब आधे घंटे देरी से जलप्रदाय किया जाएगा.**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्रकुमार दीक्षित व जल समिति सभापति प्रेम यादव ने बताया कि अब मौसम सर्द होने लगा है. ऐसे में लोगों को सर्दी का सामना करना पड़ता है. इसे देखते हुए नपा द्वारा आधे घंटे देरी से जलप्रदाय करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने बताया कि लोगों को परेशानी न हो इसके लिए जहां 4 बजे नल आते हैं वहां 4.30 बजे बाद नल आएंगे. वहीं 5 बजे होने वाला जल वितरण 5.30 बजे से किया जाएगा. सीएमओ श्री दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में स्थिति अनुसार निर्णय लिया जाएगा.

# सरपंच के फर्जी सील, साइन करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**बड़ौद, 29 अक्टूबर. ग्राम पंचायत रबड़ी सरपंच के जाली सील साइन करने के विरोध में मंगलवार को एसपी के नाम एक ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट को ज्ञापन सौंपा हैं.**

बड़ौद के ग्राम पंचायत रापड़ी सरपंच के जाली हस्ताक्षर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता लोहार ने फर्जी कागजात में उपयोग किया गया हैं. आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उसके पद से हटाने की मांग की गई है. जनसुनवाई आगर में दिए आवेदन में बताया कि ग्रामीणजन ने बिना जानकारी के रामलाल पिता चतरसिंह एवं गब्बूसिंह पिता सरदारसिंह जाति राजपूत ने मिलकर सरपंच के जाली सील साइन किए. सरपंच सहित ग्रामीण जन का आरोप है कि सरपंच के सील साइन फर्जी कागजातों में उपयोग किया है. दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए. इस अवसर पर बड़ी संख्या में सरपंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**शाजापुर, 29 अक्टूबर.** एबीरोड स्थित एमजी कान्वेंट स्कूल के छात्र शेख कासिफ का एथलेटिक्स में चक्का फेंक प्रतियोगिता में 14 वर्ष समूह में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है. खेल शिक्षक विजय ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत माह उज्जैन में आयोजित शालेय संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की चक्का फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर शेख काशिफ का राज्य स्तर प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया है. यह प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक इंदौर में आयोजित की जा रही है. इस अवसर पर स्कूल में आयोजित एक सादे समारोह में शेख कासिफ का स्वागत किया गया और विद्यालय के प्रबंधक जॉर्ज थोपील व प्रिंसिपल साइमन सर और खेल शिक्षिका दीपिका शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया और आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी.

# कई गांवों के किसान चाहते हैं हिरण पकड़ने का अभियान उनके क्षेत्र में भी चले

## जितनी अनुमति मिली उससे अधिक हिरण रेस्क्यू हो चुके, विभाग ने 1000 हिरण पकड़ने की अनुमति मांगी, किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शुजालपुर, 29 अक्टूबर. प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार क्षेत्र में चलाए जा रहे हिरणों को पकड़ने के अभियान तहत अरनियाकलां के बाद पोलायकलां तहसील के लसूड़िया घाघ एवं निपनिया खुर्द में बोमा लगाया गया. जिसमें उमरीसिंघी, खड़ी, पोलायकला, मोरटा केवड़ी, तलेनी, जरखी, सकरई गाँव से 153 कृष्णमृगों को पकड़कर 6 वाहनों में नौरादेही वन्य जीव अभ्यारण जिला सागर भेजे गए.**

यह अभ्यारण मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा वन्य जीव अभ्यारण है जो कि 1197 वर्गकिलोमीटर क्षेत्र में फेला हुआ है और यहां पर बाघ, तेंदुआ, चिंकारा सहित अन्य पशु पक्षी है. कंजर्वेशन सोल्यूशन दक्षिण अफ्रीका की टीम ने वन विभाग अमले के साथ कृष्णमृग को पकड़ने के लिए 5 दिन हेलिकॉप्टर से अभियान को मूर्त रूप दिया है. गुरूवार को भी उमरसिंगी में अभियान जारी रहेगा. इस कार्यवाही के दौरान अब तक 448 कृष्णमृग का रेस्क्यू करते हुए विभिन्न अभ्यारणों में सुरक्षित छोडा जा चुका है. बता दे वन विभाग को भारत सरकार से 400 कृष्णमृग पकडकर उन्हे अभ्यारणों में छोडने की अनुमति मिली है, यह लक्ष्य विभाग का पूर्ण हो चुका है, लेकिन विभाग की और से 1000 हिरण का रेस्क्यू करने के लिए अनुमति केन्द्र से मांगी गई है. क्षेत्र में यह कार्यवाही वन्य जीवों से किसानों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए की जा रही है. प्रदेश सरकार ने हिरणों व नीलगाय का रेस्क्यू करने के उद्देश्य से 15 अक्टूबर को दक्षिण अफ्रीका से वाईल्ड लाईफ से जुडे विशेषज्ञों का एक दल शाजापुर जिले में बुलाया है और 5 नवम्बर तक यह अभियान चलाया जाना है, जिसमें 100 नीलगाय का रेस्क्यू करने की भी अनुमति है. विभाग की माने तो जिले में लगभग 20 हजार हिरणों की संख्या है.

**अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

संभागायुक्त आशीष सिंह एवं कलेक्टर शाजापुर ऋजु बाफना ने बुधवार को हेलीकॉप्टर और बोमा से कृष्णमृगों को पकड़ने के लिए चल रहे अभियान का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा और अभियान की कार्यवाही के बारे में पूछा. डीएफओं देवास एवं अभियान प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि अभियान के तहत अभी तक 448 कृष्णमृगों को पकड़कर अन्यत्र संरक्षित क्षेत्रो राष्ट्रीय उद्यान वन्यजीव अभ्यारण्य वन क्षेत्र में छोड़ा गया. इस तरह का देश में ये प्रथम अभियान है. बुधवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े, सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक एचएस पाबला, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एल कृष्णमूर्ति, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अजय यादव ने कार्यवाही की निगरानी एवं अवलोकन किया.

**किसान संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी...**

क्षेत्र में वन भूमि नहीं है और हिरणों की संख्या काफी है जो कि किसानों की फसलों को नुकसान करते है, हालांकि क्षेत्र के किसान कभी हिरणों को नुकसान नहीं पहुंचाते है. किसानों द्वारा लम्बे समय से हिरणों को अन्यत्र भेजने के लिए मांग उठाई जा रही है. वन विभाग की और से जो कार्यवाही शुरू हुई है उसमें विभिन्न क्षेत्रों के किसान चाहते है कि उनके यहां पर भी हिरण पकडे जाए. भारतीय किसान संघ शुजालपुर के पदाधिकारियों ने कहा कि विगत 10 से 15 वर्षों से ज्ञापन और आंदोलन के माध्यम से हिरणों की समस्या उठा रहे है और उसी के चलते सरकार हरकत मे आई और रेस्क्यू अभियान चलाया है, इसके बाद भी शुजालपुर तहसील मे हिरणों को पकड़ने का रेस्क्यू अभियान नहीं चलाया जा रहा है. किसान संघ पदाधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों पर श्रेय लेने की बात कही. साथ ही कहा कि शुजालपुर तहसील क्षेत्र में हिरणों के रेस्क्यू का अभियान नहीं चलाया गया तो 31 अक्टूबर को वन विभाग शुजालपुर का घेराव किया जाएगा. इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है.

# औचक निरीक्षण में नदारत मिले 90 प्रतिशत चिकित्सक

**शुजालपुर, 29 अक्टूबर. मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी शाजापुर डॉ. कमला आर्य बुधवार की सुबह ओपीडी खुलने के समय उपरांत सिविल अस्पताल शुजालपुर औचक निरीक्षण करने पहुंची तो अस्पताल से 90 प्रतिशत चिकित्सक अनुपस्थित मिले. सीएमएचओं के अस्पताल में आने की खबर पर आनन फानन में कर्तव्य पर चिकित्सक आए. अस्पताल में समय से देरी पर आए चिकित्सकों को सूचना पत्र जारी करने की बात कही गई.**

मिली जानकारी अनुसार सीएमएचओं डॉ. आर्य सुबह लगभग 9.30 बजे अस्पताल पहुंची तो यहां ड्यूटी पर आने वाले 16 में से 2 चिकित्सक कर्तव्य पर मिले. शेष चिकित्सक अस्पताल में देरी से आए. हालांकि यह स्थिति प्रत्येक कर्तव्य दिवस पर देखी जाती है, अस्पताल में ओपीडी का समय प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होता है. सीएमएचओं ने अपने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर का भ्रमण किया और मरीजों से भी चर्चा की. अस्पताल परिसर में मौजूद गंदगी और परिसर में ही कबाड रखा होने पर सीएमएचओं ने इसे दुरूस्त करने के निर्देश दिए. साथ ही कहा कि जो अनुबंध पर चिकित्सक सेवाएं दे रहे है उनकी व्यवस्था अस्पताल में एक स्थान पर की जाए. अस्पताल के काउंटर पर जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए शुल्क जमा करने का समय 10 से 12 निर्धारित करने और इसका बोर्ड लगाए जाने पर भी सीएमएचओं ने एतराज जताते हुए कहा कि अस्पताल का जो कार्यालयीन समय है उस पुरे समय में रसीद कटना चाहिए. सीएमएचओं ने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों सहित अन्य लोगों को परेशानी न हो इस तरह की व्यवस्था की जाए.

# मेले के लिए शिक्षकों का उन्मुखीकरण आयोजन

**शुजालपुर, 29 अक्टूबर. जन शिक्षा केंद्र बालक नगर में कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षकों के लिए आगामी एफएलएन मेले के संदर्भ में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जन शिक्षक गिरीश नाथ एवं जन शिक्षक धर्मेंद्र यादव ने उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत करते हुए एफएलएन मेले के उद्देश्य, स्वरूप एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी.**

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को रिपोर्ट कार्ड दर्ज संख्या अनुसार वितरित किए गए तथा मेले में आयोजित होने वाली सभी 6 प्रकार की गतिविधियों का प्रायोगिक प्रदर्शन प्रस्तुत किया. प्रत्येक स्टॉल की जानकारी और क्रियान्वयन विधि को समझाते हुए शिक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. उन्मुखीकरण में कुल 24 विद्यालयों के कक्षा 1 व 2 के शिक्षक.शिक्षिकाएं उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर नीलकंठेश्वर मंदिर गरासिया घाट पर कार्यक्रम का किया आयोजन

# धर्मशाला निर्माण के लिए क्षत्रिय कलचुरी समाज ट्रस्ट को भूमि दान की




**शाजापुर, 29 अक्टूबर. हमारा सौभाग्य है कि भगवान दत्तात्रेय के परम भक्त भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन का जन्म मध्य प्रदेश की प्राचीन नगरी महिष्मति जो वर्तमान में महेश्वर के नाम से जानी जाती है में हुआ. हमें गौरव है कि हम न्याय प्रिय, धर्म रक्षक, बलशाली, कलचुरी राजा की संतान है. उक्त विचार क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहर लाल राय ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर कहे.**

भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती प्रतिवर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी पर समाजजन सपरिवार एकत्रित होकर सामूहिक पूजन एवं आराधना करते हैं. 28 अक्टूबर को स्थानीय नीलकंठेश्वर मंदिर गरासिया घाट शाजापुर में जयंती का आयोजन किया गया. जिसमें शाजापुर नगर और उसके आसपास के ग्रामीण अंचल के परिवार जयंती समारोह एवं सहभोज में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के 20 वरिष्ठ समाजजनों का, बोर्ड परीक्षा में 75 फीसद से अधिक प्राप्तांक वाले विद्यार्थियों का, स्टेट और नेशनल लेवल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक दिलीप जायसवाल का स्वागत एवं सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया. सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के अवसर पर ग्राम जलोदा निवासी महेंद्र शिवहरे ने उनकी माता श्रीमती शारदादेवी शिवहरे और पिता मांगीलाल शिवहरे की स्मृति में शाजापुर के निकट आधा बीघा निजी भूमि है क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज ट्रस्ट शाजापुर को दान देने की घोषणा की. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में हैहय कलचुरी परिवार के जनप्रतिनिधि शरद शिवहरे जनपद अध्यक्ष शाजापुर, सतीश जायसवाल जनपद सदस्य कालापीपल, राकेश जायसवाल सरपंच दुधाना और अनिल शिवहरे सरपंच गोलवा ने भूमि दान दाता परिवार का स्वागत एवं सम्मान किया. कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोहर लाल राय ने किया एवं ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. एस जायसवाल ने आभार व्यक्त किया.

### समिति की बैठक आज

**शाजापुर, 29 अक्टूबर.** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 30 अक्टूबर को 11 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है. बैठक में दिनांक 1 जनवरीसे 30 सितंबर 2025 तक प्राप्त प्रकरणों की स्थिति के संबंध में समीक्षा की जाएगी.

**जनसुनवाई में पहुंचा सफाई मित्रों का वेतन का मामला- बड़ौद,** कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदक महेश नील निवासी कस्बा बड़ौद ने मानदेय भुगतान करवाने के लिए आवेदन दिया. आवेदक ने बताया कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ौद में सफाई मित्र के रूप में कार्य कर रहे हैं. सफाई मित्र के लिए मिलने वाले मानदेय का भुगतान विगत 11 माह से नहीं हुआ है, जिससे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कलेक्टर ने सीएमएचओ को जांच कर रूके हुए मानदेय का भुगतान करवाने के निर्देश दिए.